आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 20.11.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स से उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों, स्थानीय उत्पादों, सांस्कृतिक धरोहरों और सामाजिक उपलब्धियों को प्रमुखता से दिखाने की अपील की।
- राज्य के सभी ज़िलों के विकास और पलायन रोकथाम के लिये ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी।
- नशा मुक्त अभियान के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ई–शपथ कार्यक्रम में नैनीताल ज़िले को देशभर में पाँचवां स्थान मिला।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 170 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने नर्सिंग अधिकारी के 103 बैकलॉग पदों और डेंटल हाइजीनिस्ट के 30 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया।

**अपील**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स से अपील की है कि वे अपने कंटेंट के माध्यम से उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों, स्थानीय उत्पादों, सांस्कृतिक धरोहरों और सामाजिक उपलब्धियों को प्रमुखता से दिखाएं। मुख्यमंत्री देहरादून स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित "सोशल मीडिया मंथन" कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार "डिजिटल उत्तराखंड" बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और विभाग सीधे जनता से सोशल मीडिया के माध्यम से संवाद कर रहे हैं।

श्री धामी ने फेक न्यूज़ और भ्रामक जानकारी की चुनौती को रेखांकित करते हुए कहा कि गलत नैरेटिव के खिलाफ तुरंत फैक्ट–चेक और सही सूचना का प्रसार आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली नकारात्मक और भ्रामक सामग्री को लेकर भी चेताया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग गलत जानकारी के आधार पर समाज में भ्रम फैलाने या राज्य की छवि खराब करने की कोशिश करते हैं। ऐसे समय में जिम्मेदार कंटेंट क्रिएटर्स की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है।

## ग्रामीण एवं सीमांत क्षेत्र विकास

ग्राम्य विकास सचिव धीराज गर्ब्याल ने सभी ज़िलों के विकास और पलायन रोकथाम के लिये ठोस कार्ययोजना तैयार करने और ग्रामीण आजीविका को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। सचिव गर्ब्याल ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीमांत क्षेत्रों के विकास और पलायन रोकथाम योजनाओं की समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

**ग्राम्य विकास सचिव धीराज गर्ब्याल ने कहा कि प्रत्येक चिन्हित विकासखंड में एक मदर पोल्ट्री यूनिट की स्थापना सुनिश्चित की जाए और मत्स्य पालन, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, सामुदायिक पर्यटन और प्रसंस्करण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए चेन–लिंक फेंसिंग के प्रस्ताव भी कार्ययोजना में शामिल करने को कहा गया।**

**ग्राम्य विकास सचिव ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए योजनाएँ तैयार करने और ग्रोथ सेंटरों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और उनकी निगरानी पर जोर दिया।**

**चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, चम्पावत और उधम सिंह नगर की योजनाओं की अलग से समीक्षा की गई। सीमांत गांवों के लिए क्लस्टर आधारित ग्राम संतृप्तीकरण कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए, जिसमें बुनियादी सुविधाओं के साथ आजीविका और स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियाँ शामिल होंगी।**

## नशा मुक्ति अभियान– उत्कृश्ट प्रदर्शन

नैनीताल जिले ने नशा मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पाँचवां स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि नशा मुक्त अभियान के पांच वर्ष पूरा होने के अवसर पर आयोजित ई–शपथ कार्यक्रम के ज़िले को प्राप्त हुई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम ने कहा कि यह परिणाम जिले में नशा–मुक्ति के लिए लगातार चल रहे प्रयासों और व्यापक जनसहभागिता का प्रमाण है।

उन्होंने बताया कि जिले में नशे से बचाव, जागरूकता, परामर्श और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर अभियान चलाए गए। स्कूलों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों, जनप्रतिनिधियों और कई विभागों ने सक्रिय सहयोग दिया। बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं और सामाजिक समूहों ने ई–शपथ लेकर नशामुक्त समाज का संकल्प लिया, जिसके आधार पर नैनीताल देश के शीर्ष पाँच जिलों में शामिल हुआ।

## जीन थेरेपी भाुभारंभ

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज सिकल सेल रोग के लिए देश की पहली स्वदेशी क्रिस्पर आधारित जीन थेरेपी का शुभारंभ किया। सिकल सेल रोग मुख्य रूप से देश की आदिवासी आबादी पर असर डालता है। बिरसा एक सौ एक नामक यह थेरेपी भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित है, जिनकी 150वीं जयंती इसी महीने की 15 तारीख को मनाई गई। डॉक्टर सिंह ने कहा कि देश ने सिकल सेल रोग मुक्त राष्ट्र बनने की दिशा में अपनी निर्णायक यात्रा औपचारिक रूप से शुरू कर दी है, जो देश के जन स्वास्थ्य और जीनोमिक चिकित्सा परिदृश्य में एक ऐतिहासिक मोड़ है।

## वित्तीय स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 170 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। कुम्भ मेला–2027 से जुड़े 11 नए निर्माण कार्यों के लिए 37 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है।

15वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के तहत अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए 79 करोड़ रुपये मंजूर किए गए।

इसके अलावा, पौड़ी जिले के पाबौ विकासखंड में सीकू–तिमली मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण और सुधारीकरण तथा प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र में पीपलडाली से म्यूण्डा ललवाली तक नए मोटर मार्ग के निर्माण के लिये भी धनराशि स्वीकृत की गई है।

चम्पावत जिले के टनकपुर क्षेत्र में नायकगोठ के किरोड़ा नाले पर दो स्पान पुलों के निर्माण के लिए भी अड़तालीस करोड़ रुपये का अनुमोदन किया गया है।

## भर्ती प्रक्रिया

उत्तराखंड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में नर्सिंग अधिकारी और डेंटल हाइजीनिस्ट के कुल 133 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने नर्सिंग अधिकारी के 103 बैकलॉग पदों और डेंटल हाइजीनिस्ट के 30 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया है।

नर्सिंग अधिकारियों के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 दिसंबर तक किए जा सकेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले चिकित्सा शिक्षा विभाग में नर्सिंग अधिकारियों के 587 पदों की भर्ती शुरू हो चुकी है। दोनों विभागों में मिलाकर 690 पदों पर नर्सिंग अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि नई भर्तियों से अस्पतालों में उपचार सेवाएं मजबूत होंगी और मरीजों की देखभाल की गुणवत्ता बढ़ेगी। चयनित नर्सिंग अधिकारियों की नियुक्ति मेडिकल कॉलेजों और विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में की जाएगी।

डेंटल हाइजीनिस्ट के 30 बैकलॉग पदों पर भी सीधी भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों पर आवेदन 3 दिसंबर से शुरू होंगे और अंतिम तिथि 23 दिसंबर निर्धारित की गई है।

## अंतर्राश्ट्रीय फिल्म महोत्सव

56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह–2025 आज से गोआ में शुरु होगा। इस नौ दिवसीय फिल्म महोत्सव की शुरुआत देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती परेड के साथ होगी। इस फिल्म महोत्सव में जापान पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। वहीं, स्पेन भागीदार देश और ऑस्ट्रेलिया स्पॉटलाइट देश रहेगा। इस महोत्सव में भारत और विश्व भर की दो सौ 70 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। महोत्सव में 80 से अधिक देशों के फिल्म निर्माता और दर्शक शामिल होंगे।

## और अब एक नज़र आज को समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

प्रदेश सरकार द्वारा सभी सरकारी विभागों में अगले 6 माह तक हड़ताल पर प्रतिबंध लगाने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। नवोदय टाइम्स का शीर्षक है– सरकारी विभागों में छह माह के लिए हड़ताल प्रतिबंधित। अमर उजाला लिखता है– आंदोलनों पर प्रतिबंध लगाया, उपनलकर्मियों के लिए नो वर्क–नो पे।

केंद्र सरकार की तरफ से एक बार फिर प्रोत्साहन राशि दिए जाने की खबर भी आज सभी समाचार पत्रों में है। अमर उजाला लिखता है – केंद्र ने प्रदेश को दी 100 करोड़ की प्रोत्साहन राशि। दैनिक जागरण का शीर्षक है– खनन सुधारों पर उत्तराखंड को 100 करोड़ का प्रोत्साहन।

बीते दिन एडीजी कानून व्यवस्था वी. मुरुगेशन की अध्यक्षता में हुई यातायात व्यवस्था की समीक्षा बैठक की ख़बर पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– शहर में जाम लगा तो थाना प्रभारी जिम्मेदार।